


## हरिद्वार में पतंजलि यूनिवर्सिटी का उद्घाटन



**हरिद्वार।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को हरिद्वार में पतंजलि यूनिवर्सिटी का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्य के सीएम पुष्कर सिंह धामी और योग गुरु रामदेव भी मौजूद रहे। अमित शाह और बाबा रामदेव ने इस अवसर पर हवन भी किया। गृह मंत्री का स्वागत करते हुए बाबा रामदेव ने ट्वीट किया कि भारत माता के लाडले लौहपुरुष, प्रखर राष्ट्रभक्त, गृहमंत्री अमित शाह की पावन उपस्थिति में पतंजलि विश्वविद्यालय का उद्घाटन समारोह व संन्यास दीक्षा महोत्सव होगा। उत्तराखंड के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के 113वें दीक्षांत समारोह में भी हिस्सा लिया। अमित शाह ने हरिद्वार में एक जनसभा को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि आज मैं आप सभी को रामनवमी की बधाई देता हूं। आज सहकारिता मंत्रालय के माध्यम से देश के सभी 63000 एक्टिव पैक्स को कम्प्यूटराईज करने का काम शुरू हो गया। इसके साथ-साथ 307 जिला सहकारी बैंक और ढेर सारी चीजे कम्प्यूटराईज करी गई है।

# नालंदा विश्वविद्यालय के लिए राजगीर में 500 एकड़ जमीन चिह्नित: सीएम

**केटी न्यूज/पटना**

- सम्राट अशोक महान के जन्मोत्सव समारोह में शामिल हुये मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सम्राट अशोक महान के जन्मोत्सव समारोह में शामिल हुए। श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में सम्राट अशोक क्लब, भारत, शाखा बिहार द्वारा आयोजित जन्मोत्सव समारोह में मुख्यमंत्री ने भगवान बुद्ध एवं सम्राट अशोक महान के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। आयोजकों ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता, अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सबसे पहले जन्मोत्सव समारोह में शामिल आप सभी लोगों का अभिनंदन करते हुए बधाई देता हूँ। आप सभी पूरी मुश्तैदी के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। यहां उपस्थित होकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। सम्राट अशोक क्लब द्वारा आयोजित अनेक मीटिंग में मुझे शामिल होने का मौका मिला है। उत्तर प्रदेश एवं अन्य जगहों पर भी मैं आपके कार्यक्रमों में शामिल हुआ हूं। आपके सुझाव के अनुरूप ही विशेषज्ञों की मदद से सम्राट अशोक महान से संबंधित अनेक काम कराया गया है।

**सम्राट अशोक ने बुद्धिज्म को काफी बढ़ावा दिया :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट अशोक महान की जयंती मनाने के लिए सम्राट अशोक क्लब ने अष्टमी का दिन तय किया। इस पर लोग तरह-तरह की बात करने



लगे। हमने कहा कि यह बहुत अच्छा दिन है और राज्य सरकार के द्वारा जयंती के दिन एक दिन के अवकाश की घोषणा की गयी। सम्राट अशोक ने बुद्धिज्म को काफी बढ़ावा दिया। सम्राट अशोक महान की मूर्ति दो हिस्सों में थी। सम्राट अशोक क्लब के सुझाव पर ही विशेषज्ञों की मदद से मूर्ति बनाई गयी जो पटना के सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र में स्थापित है। पिछली बार हमने राजकीय तौर पर सम्राट अशोक की प्रतिमा पर माल्यार्पण किये जाने की घोषणा की थी। सम्राट अशोक के शासन काल में तक्षशिला विश्वविद्यालय, नालंदा विश्वविद्यालय, विक्रमशिला विश्वविद्यालय, कंधार विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी। अब तक्षशिला विश्वविद्यालय पाकिस्तान में है जिसे हमने जाकर देखा है। सबसे पहले वहीं विश्वविद्यालय बना था। बिहार में नालंदा विश्वविद्यालय बना था जिसमें दस हजार से ज्यादा लोग पढ़ते थे, जिसे बाद में ध्वस्त कर दिया गया। हमलोगों ने इसे पुनः अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने का निर्णय लिया और तत्कालीन केंद्र सरकार से इसके लिए आग्रह किया गया। इसके लिए 500 एकड़ जमीन राजगीर में चिन्हित की गयी और अब इसका भवन बनकर तैयार हो गया है। हम चाहते हैं कि यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र बनाया गया। इसके प्रांगण में सबसे पहले ज्ञान भवन का निर्माण कराया गया। जब हम सांसद थे तो देखा कि दिल्ली में विज्ञान भवन है लेकिन बिहार में ऐसा कोई भवन नहीं है। सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र के प्रांगण में ही पांच हजार की क्षमता वाले बापू सभागार का निर्माण कराया गया। इतना बड़ा सभागार देश के किसी बड़े से बड़े राज्य में भी नहीं है। सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र के पिछले हिस्से में सभ्यता द्वार का निर्माण भी कराया गया है जिसमें भगवान बुद्ध, भगवान महावीर और सम्राट अशोक महान से संबंधित शिलालेख है। हमने सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र नामकरण किया।

## खबरें फटाफट

### मोकामा में गंगा में 3 लोगों के डूबने पर सीएम ने किया दुख व्यक्त

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना जिले के मोकामा थाना क्षेत्र के मेकरा में गंगा नदी में 3 लोगों के डूबने से हुयी मौत की घटना पर गहरा दुख एवं संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना को दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने सभी मृतकों के निकटतम परिजनों को चार-चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि अविलम्ब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

### राहुल गांधी के मामले की निष्पक्ष जांच हो: जर्मनी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किए जाने पर जर्मनी ने चिंता जताई तो दिग्विजय सिंह ने उसका शुक्रिया कह दिया। अब कांग्रेस डैमेज कंट्रोल करती नजर आ रही है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से देश की संस्थाओं पर हमले, उत्पीड़न की राजनीति से लोकतंत्र पर कई खतरे पैदा हुए हैं। इन सभी खतरों से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खुद ही निपटना होगा। बुधवार रात 8 बजे जर्मनी के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी के मामले की जांच निष्पक्षता से होनी चाहिए। हमें उम्मीद है कि कोर्ट उनकी सदस्यता जाने के मामले की सुनवाई मौलिक और लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्यान में रखकर करेगी।

## मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये व घायलों को मिलेंगे 50,000 रुपये

# इंदौर में मंदिर की छत गिरने से 13 लोगों की मौत, मुआवजे का एलान

**एजेंसी/इंदौर**

इंदौर में राम नवमी के मौके पर बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में हुए हादसे में अब तक 13 लोगों की जान जा चुकी है। रामनवमी की पूजा के दौरान मंदिर के अंदर स्थित बावड़ी धंस जाने से ये हादसा हुआ। जिसमें अब तक 13 शव बाहर निकाले जा चुके हैं। वहीं मृतकों के परिवार के लिए 5-5 लाख रुपये मुआवेज का एलान किया गया है। इसके अलावा घटना को लेकर मजिस्ट्रेज जांच के आदेश दिए गए हैं। साथ ही रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एलान किया है कि इंदौर हादसे के मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी, जबकि घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। सीएम ने कहा कि दुःख की इस घडी में हम पीड़ित परिवार के साथ हैं।

इंदौर के पटेल नगर की स्थित बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर नवमी की पूजा के दौरान मंदिर के अंदर स्थित बावड़ी धंस गई और वहां मौजूद 20 से ज्यादा लोग दब गए। घटना की सूचना मिलते ही लोकल पुलिस समेत एनडीआरएफ की टीम, जिला प्रशासन का अमला और पुलिस कमिश्नर भी



मौके पर पहुंच गए। हादसे की खबर मिलते ही एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई और बावड़ी में गिरे हुए लोगो को निकालने का काम शुरू किया गया। इसमें 19 लोगों को टीम ने रेस्क्यू कर लिया। इंदौर के पुलिस कमिश्नर के मुताबिक मंदिर में हुए इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया।

**लगातार अभी रेस्क्यू चल रहा है :** इंदौर पुलिस कमिश्नर मकरंद देउसकर ने बताया कि हादसे में 4 से ज्यादा लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। जिसमें 2 महिलाएं शामिल है। उन्होंने बताया कि लगातार अभी रेस्क्यू चल रहा है। अभी यह नहीं बताया जा सकता कि अंदर कितने लोग हो सकते हैं। घटना होते ही मौजूदा लोगों में खलबली मच गई। चीख पुकार सुनते ही आस पास के रहने वाले लोग भी मंदिर में पहुंच गए। उस समय अफरा तफरी का माहौल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय पुलिस सहित एनडीआरएफ की टीम जिला प्रशासन का अमला व पुलिस कमिश्नर भी मौके पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शी मौके पर मौजूद डॉ अनिल महाजन ने बताया कि घटना करीब 11:30 बजे की जिस समय पूजा अर्चना के लिए लो जमा बावड़ी के किनारे पर बैठे हुए थे अचानक बावड़ी धंसी और वहा बैठे लोग हादसे का शिकार हो गए। जिन्हे निकालने का काम शुरू किया।

### इंदौर में हुए हादसे से बेहद आहत हूं: पीएम

हादसे को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंदौर में हुए हादसे से बेहद आहत हूं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात की और स्थिति की जानकारी ली। राज्य सरकार बचाव और राहत कार्य में तेजी से आगे बढ़ रही है। मेरी प्रार्थना उन सभी प्रभावितों और उनके परिवारों के साथ है। हादसे को लेकर सीएम शिवराज सिहं चौहान ने कहा कि हम सब पूरी ताकत से रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हैं। अभी तक कई लोग निकाले गए हैं। हमने बेहतर से बेहतर संसाधन लगाए हुए हैं, लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अंदर फंसे सभी लोगों को निकालने में कामयाब होंगे।

### अमित शाह समेत कई नेताओं ने जताया दु:ख

हादसे को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश के इंदौर में हुआ हादसा अत्यंत दु:खद है. शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उनके अलावा केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी बावड़ी में फंसे लोगों की सलामत बाहर निकलने की दुआ की है। उन्होंने लिखा कि इंदौर (मध्य प्रदेश) में हुई दुर्घटना से मुझे गहरी वेदना की अनुभूति हुई है।

# राहुल गांधी को पटना कोर्ट से 12 अप्रैल को सशरीर हाजिर होने का नोटिस जारी

**केटी न्यूज/पटना**

राहुल गांधी की परेशानी अभी कम होने का नाम नहीं ले रही है। राहुल गांधी को पटना के कोर्ट में हाजिरी लगाने का आदेश जारी किया गया है। पटना के एमपी एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को 12 अप्रैल को सूरत जैसी एक मानहानि के एक दूसरे मुकदमे में पेश होने के लिए कहा है। कुछ दिनों पहले सूरत के कोर्ट में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई गई थी। अब पटना के एमपी एमएलए कोर्ट में राहुल गांधी को सशरीर उपस्थित होने का आदेश जारी हुआ है।



2019 में पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश के समक्ष याचिका दायर की थी। इस पर राहुल गांधी को बयान दर्ज कराने के लिए समन भेजा गया है। राहुल गांधी इस मामले में अभी जमानत पर हैं। सुशील कुमार मोदी के वकील एसडी संजय ने बताया कि 2019 में पटना के एमपी एमएलए कोर्ट में 'मोदी सरनेम' पर आपत्तिजनक शब्द बोले जाने पर मामला दर्ज किया गया था। राहुल गांधी ने मोदी सरनेम वालों को चोर कह कर अपमानित किया था।

संजय ने कहा कि उस वक्त 2019 में राहुल गांधी पटना के कोर्ट में उपस्थित हुए थे और जमानत लेकर गए थे। बिहार के मामले में पांच गवाह है जिसमें सुशील कुमार मोदी भी शामिल हैं जो अगस्त 2022 में अपना बयान दर्ज कराने वाले आखिरी गवाह थे। इस साल फरवरी में शिकायतकर्ता ने मामले में अपना-अपना सबूत पेश किया था। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता के पक्ष के सभी गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं और सभी साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं।




## फसल क्षति के भुगतान के लिये 92 करोड़ उपलब्ध कराने का निर्देश

# फसल क्षति का आंकलन कर शीघ्र राहत पहुंचाएं: सीएम

**केटी न्यूज/पटना**

- मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग को किसानों के खाते में सीधे राशि हस्तांतरित करने के दिये निर्देश

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में 17 से 21 मार्च तक राज्य के विभिन्न जिलों में असामयिक वर्षा, ओलावृष्टि एवं आंधी-तूफान से हुयी फसल क्षति के संबंध में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री ने दिनांक 17 मार्च 2023 को राज्य के विभिन्न जिलों में ओलावृष्टि से हुयी फसल क्षति का सर्वेक्षण तथा आंकलन कर लोगों को शीघ्र राहत पहुंचाने का निर्देश आपदा प्रबंधन विभाग एवं कृषि विभाग को दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देश के आलोक में कृषि विभाग एवं संबंधित जिलाधिकारियों द्वारा प्रभावित जिलों में फसल क्षति का विस्तृत सर्वेक्षण कराया गया। बैठक में आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि



कृषि विभाग द्वारा कराये गये विस्तृत सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार राज्य के छह जिलों-मुजफ्फरपुर, गया, पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, शिवहर एवं रोहतास जिले के कई पंचायतों में खड़ी फसल की क्षति 33 प्रतिशत से अधिक दर्ज की गयी है, जिसका कुल रकबा 54 हजार 22 हेक्टेयर है।

समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग को प्रभावित किसानों को फसल क्षति के भुगतान के लिये 92 करोड़ रुपए की राशि कृषि विभाग को अविलम्ब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कृषि सचिव को निर्देश दिया कि वे आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली राशि को प्रभावित किसानों के खाते में शीघ्र अंतरित करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि आपदा प्रबंधन विभाग, कृषि विभाग एवं संबंधित जिलाधिकारी इसका सघन अनुश्रवण करेंगे। बैठक में मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, अपर मुख्य सचिव वित्त डॉ. एस. सिद्धार्थ, कृषि सचिव एन. सरवन कुमार एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल उपस्थित थे।

## छह माह बाद देश में कोरोना के नए केस 3000 से ज्यादा

**नई दिल्ली।** देश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 3016 केस मिले हैं। यह आंकड़ा 1 अक्टूबर के बाद सबसे ज्यादा है। 1 अक्टूबर को 3,375 केस सामने आए थे। 6 महीने के बाद बुधवार यानी 29 मार्च को कोरोना के नए केस फिर 3 हजार से ज्यादा आए। बुधवार को 1,396 कोरोना मरीज ठीक हुए, जबकि 14 संक्रमितों की मौत हो गई। देश में फिलहाल 12,589 एक्टिस केस हैं। डेली पॉजिटिविटी रेट 2.73% रहा। इसका मतलब हर 100 टेस्ट पर दो से तीन मरीज मॉजिटिव मिल रहे हैं। मंगलवार को पॉजिटिविटी रेट 1.51% था।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को 15,784 लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाई गई। केरल, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश में बुधवार को देश के कुल नए केस के 70% केस आए हैं। केरल में 686, महाराष्ट्र में 483, गुजरात में 401, दिल्ली में 300 और हिमाचल में 255 नए संक्रमित मिले हैं। महाराष्ट्र में 3 लोगों की मौत हुई। दिल्ली में 2, जबकि हिमाचल प्रदेश में 1 व्यक्ति ने जान गंवाई है। केरल और गुजरात में बुधवार को किसी की मौत नहीं हुई।

## खबरें फटाफट

### सांढ़ को बचाने में पेड़ से टकराया ट्रक

**राजपुर।** थाना क्षेत्र के बक्सर कोचस मुख्य पथ पर जमौली ब्रह्म स्थान के पास एक अनियंत्रित ट्रक एक पेड़ से टकरा गया। इस दुर्घटना में ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह ट्रक उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से बालू लाने के लिए रोहतास जिला के डेहरी ऑन सोन जा रहा था। जैसे ही यह जमौली ब्रह्म स्थान के पास पहुंचा कि उसी समय अचानक रोड पर एक सांढ़ आ गया। जिसे बचाने के प्रयास में गाड़ी अनियंत्रित होकर सीधे एक पीपल के पेड़ से टकरा गयी। जिससे गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि चालक एवं खलासी बाल बाल बच गए। संयोग ही कहा जाएगा कि कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। चालक बाज बहादुर यादव ने बताया कि आसपास बस्ती होने से गाड़ी नियंत्रित गति में थी।

### आज आयोजित होगा सामूहिक यज्ञोपतिव संस्कार, तैयारी पूरी

**बक्सर।** रूद्र सागर सेवा संस्थान के तत्वावधान में डुमरांव के जंगलीनाथ शिव मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को सामूहिक जनेउ संस्कार का आयोजन किया गया है। संस्थान के सचिव तथा रूद्र सागर सामूहिक जनेउ समिति के अग्रणी रविशंकर चौबे ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि कुल 108 बटुकों ( ब्राह्मणों ) का सामूहिक जनेउ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। यह आयोजन आचार्य विमलेश ओझा के नेतृत्व में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा करवाया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि तथा गुजरात के पूर्व डीजीपी कमल कुमार ओझा शामिल होंगे। बता दें कि यह जिले का पहला ऐसा आयोजन हो रहा है जिसमें सामूहिक रूप से जनेउ संस्कार का आयोजन किया गया है। इस आयोजन को ले आयोजन समिति के सदस्यों में उत्साह व्याप्त है। आयोजन समिति के सदस्यों की मानें तो सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक बटुको का जनेउ संस्कार होगा।

# समय पर इलाज होने से गंभीर बीमारी का भी इलाज संभवः डॉ. शालिग्राम

केटी न्यूज/बक्सर

- कुष्ठ रोगियों के संपर्क में रहने वाले लोगों को खिलाई गई कुष्ठ की दवा
- शहर के स्लम बस्तियों में खिलायी गई सिंगल डोज रिफैम्पिसिन दवा

गंभीर बीमारियों को नजर अंदाज करना मरीजों के लिए काफी नुकसान देह साबित हो सकता है। यदि उसका समय पर इलाज शुरू किया जाए तो गंभीर से गंभीर बीमारी का भी इलाज संभव है। ऐसी ही एक गंभीर बीमारी है कुष्ठ। जिसे पूर्व में लोग अभिशाप मानते थे । जिसके मरीज शारीरिक एवं मानसिक रूप से अपने आप को कमजोर मानने लगते हैं। लेकिन लोगों को यह समझना होगा कि दिव्यांगता केवल जन्म के समय नहीं होती है। कई ऐसी बीमारियां भी हैं, जिनको नजरअंदाज करने से मरीज दिव्यांग भी हो सकता है। इस क्रम में गत दिनों राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सदर प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र के किला मैदान, पांडेय पट्टी व मलह चकिया स्थित स्लम बस्तियों में कुष्ठ रोगियों के परिजनों को सिंगल डोज रिफैम्पिसिन खिलायी गई। अभियान के दौरान डॉ सौरभ राय, पारा मेडिकल वर्कर नागेश दत्त पांडेय, आशा अंजली सिंह व मालती कुमारी के द्वारा मरीज के परिजनों को दवा खिलायी गई।



**हवा में मौजूद बैक्टीरिया के जरिए फैलता है कुष्ठः** जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया कि पूरे जिले में सघन अभियान चलाकर दवा खिलाई गई। ताकि कुष्ठ पर नियंत्रण किया जा सके। इस कार्यक्रम के तहत मरीजों के संपर्क में रहने वाले लोगों को दवा दी जाती है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ एक ऐसी बीमारी है जो हवा में मौजूद बैक्टीरिया के जरिए फैलती है। हवा में ये बैक्टीरिया किसी बीमार व्यक्ति से ही आते हैं। इसलिए इसे संक्रामक रोग भी कहते हैं। यानी यह संक्रमण या कहिए कि सांस के जरिए फैलती है। लेकिन यह छुआछूत की बीमारी बिल्कुल नहीं है। अगर आप इस बीमारी से ग्रसित व्यक्ति से हाथ मिलाएंगे या उसे छू लेंगे तो आपको यह बीमारी बिल्कुल नहीं होगी। लेकिन अगर उसके खांसने, छींकने से लेप्रै बैक्टीरिया हवा में डेवलप कर लेता और आप उस हवा में सांस लेकर नमी के उन कणों को अपने अंदर ले लेते हैं तो संभावनाएं बन सकती हैं कि आप इस बीमारी से संक्रमित हो जाएं।

### कुष्ठ बीमारी का पूर्ण इलाज सम्भव

डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, कुष्ठ की पहचान बिल्कुल आसानी से हो सकती है। चमड़े पर किसी तरह का दाग या धब्बा जिसमें दर्द या खुजली नहीं होती हो और यह निशान जन्म से ही नहीं हो तो यह कुष्ठ रोग का प्रारंभिक लक्षण हो सकता है। उन्होंने बताया, कुष्ठ बीमारी का पूर्ण इलाज सम्भव है। समय से इलाज कराने से यह रोग पूरी तरह ठीक हो सकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके इलाज के लिए एमडीटी (मल्टी ड्रग थेरेपी) का उपयोग किया जाता है। एमडीटी की पूरी खुराक नियमानुसार सेवन करने के बाद कोई भी कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति सामान्य इंसान जैसा हो सकता है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोगियों को सरकार की ओर से आठ हजार रुपये सहायता राशि भी दी जाएगी। वहीं, जो मरीज कुष्ठ की वजह से कोई भी काम करने में सक्षम नहीं हैं, प्रशासनिक स्तर पर उन्हें 1500 रुपये प्रतिमाह पेंशन भी दिया जाता है।

## बिहार विधान परिषद 02- गया शिक्षक एवं 02-गया स्नातक निर्वाचन की तैयारी पूरी

# आयोग के निर्देशों के तहत शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान कराएंगे अधिकारी: डीएम

केटी न्यूज/बक्सर

जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक बरनवाल की अध्यक्षता में बिहार विधान परिषद 02- गया शिक्षक एवं 02- गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक/उप निर्वाचन 2030 को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं स्वच्छ संपन्न कराने हेतु समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में ब्रीफिंग आहूत की गई। जिलाधिकारी ने सभी पीसीसीपी, माइक्रो आब्जर्वर, पीओ, पी1, पी2 एवं पी3 सभी को उनके कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में बताया। उन्होंने पीसीसी एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि आदर्श आचार संहिता का गाइडलाइन एवं निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों का अक्षरशः अनुपालन कराते हुए शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान कराना सुनिश्चित करेंगे। मतदान कार्य में प्रतिनियुक्त सभी कर्मी अपने मतदान केंद्रों पर ससमय पहुंचकर मतदान करवाना सुनिश्चित करेंगे।

स्नातक निर्वाचकों की कुल संख्या 12123 है। जिसमें पुरुष 9752, महिला 2374 हैं। स्नातक निर्वाचन के लिए मतदान केंद्रों की संख्या 15 (13 मूल + 2 सहायक) है। सभी मतदान केंद्र प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के वेश्म, अंचलाधिकारी का वेश्म एवं अधीनस्थ अन्य कार्यालय के कमरे एवं बक्सर नगर परिषद के एमपी हाई स्कूल बक्सर एवं डुमरांव नगर परिषद के लिए राज हाई स्कूल डुमरांव में अवस्थित है।



- जिलाधिकारी और एसपी ने अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**शिक्षक निर्वाचन के लिए मतदान केंद्रों की संख्या 13 :** शिक्षक निर्वाचकों की कुल संख्या 1871 है। जिसमें पुरुष 1518 एवं महिला 353 है। शिक्षक निर्वाचन के लिए मतदान केंद्रों की संख्या 13 है। सभी मतदान केंद्र प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के वेश्म, अंचलाधिकारी के वेश्म एवं अधीनस्थ अन्य कार्यालय के कमरे एवं बक्सर नगर परिषद के लिए एमपी हाई स्कूल बक्सर एवं डुमरांव नगर परिषद के लिए राज हाई स्कूल डुमरांव में अवस्थित है। मतदान बैलट बॉक्स के द्वारा दोनों पदों के लिए एक साथ होगा प्रत्येक मतदान केंद्र पर एएमएफ (बिजली, पीने का पानी, फर्नीचर, रैंप, शौचालय, टेलीफोन एवं प्रतिक्षालय आदि) की व्यवस्था की जानी है। 02- गया स्नातक/शिक्षक द्विवार्षिक की निर्वाचन हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष में बनाया गया है। जिसका दूरभाष नंबर 06183-223333 है। 30 मार्च से 1 अप्रैल तक कार्यरत रहेगा जो 247 कार्य करेगा। इसके वरीय पदाधिकारी विकास आयुक्त बक्सर एवं नोडल पदाधिकारी उप निर्वाचन पदाधिकारी बक्सर है।

प्रत्येक मतदान केंद्र पर वीडियोग्राफी किया जाएगा। निर्वाचन में धन शक्ति को रोकने के लिए फ्लाइंग स्कॉट टीम का गठन किया गया है। जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन एवं मतदाताओं को प्रभावित करने के किसी प्रयास की सूचना मिलने पर कार्यवाही करेगी। अग्निशाम पदधिकारी बक्सर को निर्देश दिया गया के किसी भी प्रकार की आगजनी की आकस्मिक घटना से निपटने के लिए फायर टेंडर पूर्व से तैयारी हालत में रखेंगे। उनके पानी भरने के स्थानों को भी पूर्व से चिन्हित कर तैयारी हालत में रखें। अग्निशाम पदाधिकारी बक्सर संबंधित थाना में अग्निशमन वाहन तैयार हालत में रखेंगे एवं प्राप्त सूचना के आलोक में आवश्यक करवाई करेंगे। कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल बक्सर को निर्देश दिया गया कि बिहार विधानसभा परिषद के 02- गया शिक्षक एवं 02- गया स्नातक निर्वाचन का द्विवार्षिक/उप निर्वाचन 2023 के मतदान तिथि 31 मार्च 2023 को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति कराना सुनिश्चित करेंगे।

## एक नजर

### दादी के दाह संस्कार का सामान लेने के लिए निकले थे तीन युवक, सड़क दुर्घटना में घायल

**जहानाबाद।** पटना-गया राष्ट्रीय राजमार्ग के मुससी वीरा गांव के समीप बाइक एवं टेंपो में सीधी टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में ओवा गांव निवासी रोहित कुमार, घोसी वेराम सराय निवासी कमलदेव पासवान एवं निसरपूरा निवासी लालदेव पासवान शामिल है। जानकारी के अनुसार ओवा गांव में रोहित कुमार की दादी की मौत बुधवार की देर शाम हुई थी। जिनकी दाह संस्कार का सामान लेने तीनों लोग बाइक पर सवार होकर मखदुमपुर आ रहे थे। इसी दौरान मुससी विर्रा गांव के समीप बाइक एवं टैंपू में सीधी टक्कर हो गई। जिसमें तीनों लोग घायल हो गए, घायलों में 2 लोगों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। बताते चलें कि ओवा गांव से दाह संस्कार के समान के लिए मखदुमपुर बाजार आ रहे 3 लोग दुर्घटना में घायल हो गए हैं। सभी घायलों को लेकर अस्पताल मखदुमपुर में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज किया जा रहा है।




### चोरी की मोबाइल के साथ एक चोर गिरफ्तार

**बक्सर।** बक्सर आरपीएफ की टीम ने बुधवार की देर रात अजीमाबाद एक्सप्रेस से यक यात्री का मोबाईल फोन चुरा भागने का प्रयास कर रहे एक चोर को गिरफ्तार कर लिया है। आवश्यक पूछताछ के बाद आरपीएफ ने उसे जीआरपी को सौंप दिया। जीआरपी ने उसे जेल भेज दिया। गिरफ्तार चोर ब्रह्मपुर थाना के पुरवा गांव का रहने वाला जितेंद्र कुमार बताया जाता है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि बुधवार की रात दानापुर से चलकर अजीमाबाद को जाने वाली दानापुर अजीमाबाद एक्सप्रेस जैसे ही बक्सर स्टेशन पर रुकी तभी एक चोर ट्रेन से कूदकर भागने लगा। लेकिन स्टेशन पर तैनात आरपीएफ के जवानों ने पीछा कर उसे दबोच लिया। जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से चोरी किया मोबाइल बरामद हुआ। उसे जेल भेजने के बाद पुलिस अब उस यात्री को सूचना दे उसका मोबाईल लौटाने की तैयारी में जुट गई है।

### झूम उठा दंगौली गांव, रामजन्मोत्सव पर राम जानकी मंदिर का मना 70वां वार्षिकोत्सव

**केसठ।** प्रखंड के दंगौली स्थित राम जानकी मंदिर मे 12 बजते ही घंटे बजने लगे। इस दौरान भए प्रकट कृपाला दीन दयाला.... छंद के स्वर गुजने लगा। जहां मंदिर के व्यवस्थापक राम किंकर सिंह उर्फ भिखारी सिंह के नेतृत्व में पूजा अर्चना कर भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया तथा आरती के साथ साथ भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान राघवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ सोनू सिंह, धरनीधर सिंह, मुरलीधर सिंह मोनू सिंह, मयंक, विवेक, सक्षम समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे। मान्यता के अनुसार भगवान राम को विष्णु का सातवां अवतार कहा जाता है। यही नहीं भगवान श्रीराम को मयार्दा का प्रतीक भी माना जाता है। उन्हें पुरुषोत्तम यानि श्रेष्ठ पुरुष की संज्ञा दी जाती है। ऐसी मान्यता है कि रामनवमी के दिन भगवान राम का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन घरों में विशेष आयोजन किए जाते हैं। ये भी माना जाता है इस दिन उपवास रखने से जीवन में सभी प्रकार की सुख और समृद्धि आती है। वहीं व्यवस्थापक राम किंकर सिंह उर्फ भिखारी सिंह ने बताया कि राम जानकी मंदिर की स्थापना विक्रम संवत 2012 श्रीराम नवमी को हुई थी। लोगों के कल्याण के लिए यहां हर साल वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से किया जाता है। इस साल भी तीन दिवसीय कार्यक्रम 03 अप्रैल से 05 अप्रैल 2023 तक होने जा रहा हैं। वहीं प्रखंड के कई अन्य गांवों में भी रामनवमी की पूजा अर्चना की गई और भक्तों के बीच प्रसाद बांटा गया।



### कुकुभूका में नल जल जलमीनार से नहीं हो रही पेयजल की आपूर्ति

**नावानगर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महत्वकांक्षी योजना नल जल योजना से हर घर तक शुद्ध पानी पहुंचाने का उद्देश्य धूमिल होने लगा है। यूं कहा जाय कि इस योजना से जलमीनार से लेकर टोटी लगाने का कार्य तो हुआ, पर अधिकांश वार्ड में थोड़े दिन के बाद बंद पड़ गया है। इसका नजारा भटौली पंचायत के वार्ड नंबर 4 स्थित कुकुरभूंका गांव में देखने को मिला। जहां विगत छह माह से नलजल योजना के जलमीनार से पानी आपूर्ति ठप है। जिससे गांव की आधी आबादी को शुद्ध पेयजल का संकट गहरा गया है। इसको लेकर ग्रामीणों ने बीडीओ व डीएम को आवेदन देकर इस विकट समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई गई है। ग्रामीण मोहित कुमार, अरबिंद सिंह व रामभरोसा पांडेय ने बताया कि पेयजल आपूर्ति ठप होने की जानकारी प्रशासनिक पदाधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक को दी गई है। बावजूद इसका अभी तक कोई सुध नहीं लिया है। जबकि गर्मी शुरू हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना के मोटर खराब हो गया है। जिसको लेकर विगत छह माह से गांव की आधी आबादी इस योजना से शुद्ध पेयजल से वंचित है। इस संबंध में पंचायत के मुखिया विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि वार्ड चार में मोटर खराब होने से पेयजल आपूर्ति ठप है।



## सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण, दलित वर्ग की बच्चियों का घर में बुलाकर किया कन्यापूजन

केटी न्यूज/जहानाबाद

शहर के खत्री टोला निवासी जितेंद्र प्रसाद ने महानवमी के अवसर पर स्थानीय अम्बेडकर नगर की दलित वर्ग से आने वाली बच्चियों को अपने घर पर सम्मानपूर्वक बुलाकर उनका वैदिक रीति रिवाजों से कन्या पूजन किया। जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि उनकी बेटी स्वाति रानी ने नवरात्रि व्रत की पूजा संपन्न करने तथा सामाजिक सद्भाव को विकसित करने के लिए अंबेडकर नगर की बालिकाओं को बुलाकर नवदुर्गा के रूप में उनका पूजन किया एवं सभी वैदिक रीति-रिवाजों से सम्मानित कर विदाई दिया।

उन्होंने कहा कि समाज में जो भेदभाव, छुआछूत व्याप्त है उसको हम लोग इसी तरह सांस्कृतिक माध्यम से दूर कर सकते हैं। समाज में कुछ विकृतियां हैं। इस तरह के प्रयास से दूर किया जा सकता है। उनके परिवार द्वारा इस तरह का किया गया कार्य समाज को दिशा प्रदान करेगा। नवरात्रि की सार्थकता इस तरह के कार्यों से काफी बढ़ जाती है।जितेन्द्र प्रसाद और उनका परिवार पतंजलि योग समिति से जुड़ा हुआ है एवं पुत्री स्वाति रानी, विद्यार्थी परिषद की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य है। सामाजिक समरसता की दिशा में उठाये गये इनके इस पहल का सभी सामाजिक धार्मिक कार्यकताओं एवं बुद्दिजीवियों द्वारा सराहना की गई है।



## लक्ष्मी नारायण मंदिर में धूमधाम से मना राम जन्मोत्सव

केटी न्यूज/जहानाबाद

लक्ष्मी नारायण मंदिर में स्वामी हरेरामाचार्य के देखरेख में राम जन्म उत्सव धूमधाम से मनाई गई। रामनवमी पर्व पर दूरदराज से लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्रद्धालुओं का ताता लगा हुआ था।

भगवान राम के जय घोष एवं मधुर गीत से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ था। रामनवमी के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान राम का लक्ष्मी नारायण मंदिर में धूमधाम से जन्म उत्सव मनाया गया जन्म उत्सव के पहले हरेरामाचार्य के मुखारविंद से रामनवमी एवं राम जन्म उत्सव के बारे में विस्तार पूर्वक बताएं एवं राम नाम के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। वही स्वामी जी महाराज जी ने अपने प्रवचन में बताते हुए कहा कि पुत्रेष्टि यज्ञ समापन होने पर ब्राह्मी मास में चैत्र शुक्ल पक्ष नवम तिथि पूनर्वसु नक्षत्र एवं कर्क लग्न में सर्वलोकवनद्य जगदीश्वर दीव लक्षणों से युक्त श्रीराम कौशल्या के गर्भ से प्रगट हुए उस समय सूर्य मंगल शनि गुरु और शुक्र यह पांचों ग्रह उच्च स्थान पर थे। लग्न में चंद्रमा के साथ गुरुवार हुए थे। श्री राम विष्णु ने खीर के आधा भाग से प्रकट हुए। प्रवचन के बाद ठीक 12:00 बजे दिन गुरुवार को भए प्रगट कृपाला दीन दयाला स्तुति के साथ भगवान का पट को खोला गया एवं आरती मंगल के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण की गई साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया।



## स्थाई परिवार नियोजन में पुरुष नसबंदी है महिला बंध्याकरण से सरल एवं आसान

# अक्षय ने पुरुष नसबंदी को लेकर फैली भ्रांतियों को तोड़ने का दिया संदेश

- समाज में नपुसंकता एवं शरीर में ताकत की कमी सहित कई अन्य भ्रांतियां व्याप्त



केटी न्यूज/सासाराम

पुरुष नसबंदी कराने के बाद पुरुष में नपुसंकता एवं शरीर में ताकत की कमी सहित कई अन्य भ्रांतियां अभी भी समाज में है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में यह भ्रम तो देखा और सुना ही जा रहा है शहरी क्षेत्रों के पढ़े-लिखे पुरुषों में भी यह सोच अभी भी बरकरार है। हालांकि सरकार पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों एवं जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों के बीच संदेश फैला रही है कि पुरुष नसबंदी महिला बंध्याकरण से सरल और आसान है। साथ ही पुरुष नसबंदी से परिवारिक जीवन पर किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होती है और ना ही नपुंसकता व शरीर मे कमजोरी आती है। बावजूद इसके लोगों में यह भ्रम अभी भी बरकरार है। समाज के कुछ ऐसे भी पुरुष है जो परिवार नियोजन के स्थाई संसाधनों में नसबंदी करा कर अन्य पुरुषों को संदेश दे रहे हैं। उन्ही में से एक है सासाराम प्रखंड के धौड़ाड ग्राम के अक्षय कुमार। पखवाड़ा के तहत अक्षय कुमार ने पुरुष नसबंदी करवा कर समाज मे पुरूष नसबंदी को लेकर फैले भ्रम को दूर कर लोगों को एक सकारात्मक संदेश दिया है।

**नसबंदी के बाद शारीरिक कमजोरी को लेकर थे भ्रमित :** अक्षय ने बताया कि ह्लपुरुष नसबंदी को लेकर उन्होंने भी यह सुन रखा था कि नसबंदी कराने के बाद शारीरिक कमजोरी आती है और भारी काम करने में समस्या होती है। इस वजह से वह पुरुष नसबंदी कराने से डर रहे थे। एफआरएचएस इंडिया के अनुज कुमार के द्वारा उन्हें पुरुष नसबंदी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और बताया गया कि नसबंदी कराने से किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न नहीं होती है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि जिले में अन्य पुरुषों ने भी नसबंदी कराया है और वे पूरी तरह से स्वस्थ है और सभी कार्यों को बेहतर तरीके से कर रहे हैं। तब जाकर पुरुष नसबंदी को लेकर मैं राजी हुआह्व। अक्षय कुमार ने बताया कि 4 दिन पूर्व उनका ऑपरेशन हुआ था और ऑपरेशन के तुरंत बाद ही मुझे छुट्टी मिल गई। अब मैं पूरी तरह से स्वस्थ हूं और किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

**नसबंदी को ले लोगों के भ्रम को तोड़ना जरूरी :** एफआरएचएस इंडिया के जिला समन्वयक विपिन कुमार ने बताया कि उनकी टीम के द्वारा स्थाई परिवार नियोजन को लेकर लगातार अभियान चलाया जाता है, जिसमें महिला बंध्याकरण के साथ-साथ पुरुष नसबंदी पर भी जोर दिया जाता है। मिशन परिवार विकास के तहत 13 मार्च से शुरू परिवार नियोजन कार्यक्रम से लेकर अब तक उनके टीम के सहयोग से कुल 195 लोगों ने स्थाई परिवार नियोजन के साधनों को अपनाया इसमें से 186 महिलाओं का बंध्याकरण करवाया गया, जबकि 9 पुरुषों का नसबंदी करवाया गया। वही एफआरएचएस इंडिया टीम के एफडीएस मैनेजर अनुज कुमार ने बताया कि लोगों में अभी भी नसबंदी को लेकर काफी भ्रम देखे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा क्षेत्रों में रह रहे लोगों खासकर पढ़े लिखे लोगों में भी इस तरह का भ्रम देखने और सुनने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पुरुष नसबंदी को लेकर लोगों के मन में बैठे भ्रम को तोड़ने में कठिनाइयां सामने आ रही है फिर भी कोशिश और लगातार मेहनत की बदौलत पुरुष नसबंदी करवाने में सफलता मिल रही है।



# घर-घर गूंजा एक ही नाम...
# जय श्रीराम... जय श्रीराम

- भव्य शोभा यात्रा से श्रीराममय हुआ बक्सर, शामिल हुए हजारों लोग
- बक्सर में केन्द्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद भी हुए शामिल
- डुमरांव में देर रात तक जारी था जुलूस, आकर्षण का केन्द्र थी कई तरह की झांकियां
- श्री महावीरी झंडा पूजा समिति बजरंग दल डुमरांव के नेतृत्व में निकाला गया जुलूस
- ग्रामीण क्षेत्रों में भी जुलूस निकाल भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की मनाई गई खुशी

**केटी न्यूज/बक्सर**

भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव ॠरामनवमीॠ पर पूरा जिला राममय हो गया। बक्सर तथा डुमरांव में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की खुशी में जुलूस निकाला गया।

बक्सर में आकर्षण का केन्द्र केन्द्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अश्विनी कुमार चौबे रहे। वही डुमरांव में श्री महावीरी झंडा पूजा समिति बजरंग दल डुमरांव द्वारा भगवान श्रीराम के अराध्य महावीर जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जबकि विश्व हिन्दू परिषद द्वारा सुबह में बाइक जुलूस निकाला गया था। वही जिले के प्रत्येक प्रखंडों से रामनवमी पर जुलूस निकाला गया है। पुलिस प्रशासन भी जुलूस पर पैनी नजर बनाए हुए थी। जिलेभर में शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी का त्योहार संपन्न होने की जानकारी मिली है। देर रात तक रामनवमी जुलूस जारी था। इस दौरान भगवान श्रीराम व वीर हनुमान के नारों से पूरा जिला गूंजायमान हो गया था।

## राम की शिक्षा स्थली से जुड़ना गौरव की बात: केन्द्रीय मंत्री

बक्सर में रामनवमी जुलूस में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि बक्सर भगवान श्रीराम की शिक्षा स्थली है। यहा से सांसद होना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के शिक्षा स्थली पर रामनवमी का उल्लास देख ऐसा लग रहा है मानों पूरा देश राममय हो गया है। उन्होंने कहा कि त्रेता युग में भगवान श्रीराम ने राक्षसों का नाश किया था। इस युग में देश विरोधी ताकतों का खात्मा भगवान राम की प्रेरणा से किया जा रहा है। इस दौरान बक्सर के हनुमान मंदिर से भव्य जुलूस निकला, जो पूरे शहर में भ्रमण के बाद पुनः मंदिर पहुंच संपन्न हो गया। जुलूस में भाजपा, संघ परिवार, विश्व हिन्दू परिषद तथा संत समाज से जुड़े हजारों लोग व युवा शामिल हुए थे।





## हाथी घोड़े व कई तरह की झांकियों के साथ निकली शोभा यात्रा

वहीं डुमरांव में श्री महावीरी झंडा पूजा समिति के तत्वावधान में भगवान श्रीराम के अराध्य महावीर जी की शोभा यात्रा हाथी, घोड़ा, उंट आदि के साथ निकाली गई। गुरुवार की शाम राजगढ़ परिसर से निकला यह शोभा यात्रा चौक रोड, गोला रोड, स्टेशन रोड, नया तालाब रोड, शहीद गेट रोड होते हुए पुन: राजगढ़ पहुंच संपन्न हुआ। जुलूस में शामिल युवा लाठी, डंडा, तलवार, गदा आदि परंपरागत हथियारों पर करतब दिख रहे थे। वही हजारों लोगों द्वारा भगवान श्रीराम व वीर हनुमान के जयघोष से माहौल राममय बन गया था। इस शोभा यात्रा में आकर्षण का केन्द्र जबलपुर का बैंड बाजा के अलावे लखनउ, कानपुर व बनारस की झांकियां थी। जिसमें लखनउ की मां काली का रूद्र अवतार तथा महिषासुर मर्दन की झांकी, राम दरबार की झांकी, वीर हनुमान की भाव भंगिमा, बनारस मणिकर्णिका घाट के अघोर नृत्य की झांकी, शिव तांडव नृत्य तथा गंगा अवतरण की झांकी काफी मनोहारी थी। शहर में जगह जगह जुलूस पर पुष्प वर्षा की जा रही थी।

## लोगों को कराया गया अल्पाहार व जलपान

कई जगहों पर उत्साही लोगों द्वारा जुलूस में शामिल लोगों को अल्पाहार व जलपान कराया गया। मध्य रात्रि तक जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करते रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस प्रशासन की टीम भी इस जुलूस की निगाहबानी कर रही थी। खुद एएसपी राज व एसडीएम कुमार पंकज पल-पल की स्थिति का जायजा ले रहे थे। शोभा यात्रा का नेतृत्व आयोजक समिति के संयोजक गुप्तेश्वर प्रसाद उर्फ गुरूजी, मनोज केशरी, कृष्णकुमार केशरी, विनोद केशरी, रमेश केशरी, संजय केशरी, मनोज वर्मा, कमल चौरसिया, सुमित गुप्ता, विजय वर्मा, कल्लू गौड़ आदि कर रहे थे। जबकि हजारों युवा व नर नारी शामिल हुए थे। इसके पहले सुबह में छठिया पोखरा स्थित महावीर मंदिर पर समिति सदस्यों द्वारा परंपरागत तरीके से वीर हनुमान की पूजा व शस्त्र पूजन किया गया। पूरे दिन शहर में ढोल-ताशे की गूंज सुनाई पड़ रही थी।

## विश्व हिंदू परिषद ने निकाली बाइक रैली

दूसरी ओर, रामनवमी पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा नगर पंचित मां काली आश्रम से विशाल बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली में तीन सौ से अधिक युवा बाइकों पर शामिल हुए थे। सभी के बाइक पर भगवा झंडा लगा था। जुलूस का नेतृत्व विकास कुमार, प्रमोद तिवारी, रोहित तिवारी, लालजी, संटू मित्रा, राजीव गुप्ता, अजित कुमार, संतोष साह, गोलु कुमार, हीरो, राजू खरवार, आलोक, रंजन केसरी, हेमंत, अमन जायसवाल, दीपक यादव, सोनू राय आदि कर रहे थे। यह जुलूस काली मंदिर से निकल शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए रेलवे स्टेशन के पास पहुंचा तथा वहा से लौट फिर काली मंदिर पहुंच संपन्न हुआ। जुलूस में शामिल युवा भगवान श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे।

## केसठ में गूंज उठा जय श्री राम के नारे

**केटी न्यूज/केसठ**

रामनवमी के मौके पर केसठ में विश्व हिंदू परिषद द्वारा एक भव्य जुलूस निकाला गया। जिसका नेतृत्व में भाजपा के प्रखंड मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत तिवारी ने किया। जुलूस का उद्घाटन कतिकनार पंचायत के पूर्व मुखिया प्रियव्रत सिंह ने किया। जुलूस निकालने से पूर्व मंडल अध्यक्ष सहित सैकड़ों लोगों ने मां भवानी की पूजा अर्चना की। इसके बाद मां भवानी मंदिर से निकला यह जुलूस नया बाजार, पुराना बाजार, रामपुर, दंगौली, कतिकनार, किरनी, रघुनाथपुर सहित दर्जनों गांवो का भ्रमण कर पुन: मां भवानी मंदिर पहुंच संपन्न हो गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र महावीरी पताको से पटा हुआ था। जो देखने में काफी आकर्षक लग रहा था। वहीं सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने मोटरसाइकल से पूरा क्षेत्र का जय श्री राम नारे के साथ भ्रमण किया। वही जुलूस का संचालन सुधीर सिंह एवं नंदजी यादव ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र पांडे, उप मुखिया अमितेश कुमार गुप्ता, मुकुंद, धीरज, पंकज कुमार सिंह, रामबाबू, रविन्द्र आर्य, गोरखनाथ आर्य सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए थे।





## ब्रह्मपुर में निकला भव्य जलूस, शामिल हुए एमएलसी

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

ब्रह्मपुर में भी इस बार का रामनवमी खास बन गया था। पहली बार भव्य तरीके से रामनवमी का जुलूस व झांकी निकाली गई थी। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि एमएलसी राधा चरण सेठ शामिल हुए। उन्होंने ही फीता काट इस जुलूस व झांकी का उदघाटन किया। पुरवा के बागीचे निकला जुलूस एनएच 922 तक गया वह से फिर ब्रह्मेश्वरनाथ शिव मंदिर पहुंचा। यहां के बाद फिर पुरवा बागीचा पहुंच जुलूस संपन्न हुआ। जुलूस और झांकी की अध्यक्षता गुड्डू पांडे ने किया। जुलूस में शामिल सभी गणमान्य लोगों को समिति के लोगों ने सम्मानित किया। ब्रह्मपुर में पहली बार इस तरह की झांकी देखकर लोग अभिभूत थे। रामलला की पालकी को भव्य तरीके से सजाया गया था। जिसमें राम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान के मूर्ति को सजाया गया था। जिन्हें देखने के लिए घर की छतों पर महिलाओं की भीड़ लगी थी। ब्रह्मपुर व्यवसाई संघ की तरफ से जगह जगह स्टॉल लगा झांकी में शामिल लोगों को ठंडा पानी, शरबत, मिठाई एवं अल्पाहार कराया जा रहा था। इस जुलूस में नैनीजोर, महुआर, उधुरा, तेज पांडेय पुर, सपही आदि दियारा इलाके के लोग अपने-अपने घोड़ों के साथ शामिल हुए। ब्रह्मपुर के साथ ही रघुनाथपुर में भी जुलूस निकाला गया। काली मंदिर परिसर से निकले जुलूस का नेतृत्व सरपंच झुन्नू मिश्र ने किया। इस दौरान सैकड़ों युवा भगवा झंडा लिए जय श्री राम के नारों के साथ रघुनाथपुर बाजार तथा बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर तक गए। इस मौके पर ब्रह्मपुर ब्रह्मपुर बीडीओ आशीष मिश्र, थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी, सीओ प्रियंका कुमारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थी। इस पूरे आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल होने वालो में रघुनाथपुर पंचायत के मुखिया गुड्डू पासवान, संतोष मिश्र, सोनू दुबे, धीरज पांडेय, आनंद शर्मा, शैलेश ओझा, आशीष रंजन ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता ब्रजेश चौबे, विजय चौबे आदि की भूमिका सराहनीय रही। जुलूस शांति पूर्ण संपन्न होने से प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।








## नावानगर में गूंजते रहे जय श्रीराम व वीर हनुमान के नारे

**केटी न्यूज/नावानगर**

रामनवमी पर नावानगर में गुरुवार को महावीरी शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में महावीरी झंडा लेकर सैकड़ों रामभक्तों ने हिस्सा लिया। इस दौरान जय श्री राम, जय हनुमान की नारे से पूरा क्षेत्र गुंज रहा था। शोभायात्रा में निकली झांकी आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। सोनवर्षा में शोभायात्रा महावीर मंदिर से निकल कर सोनवर्षा गांव, इकिल मोड़, द एमिटी स्कूल, काली रोड होते हुए पुनः महावीर मंदिर पहुंच संपन्न हुआ। वहीं नावानगर में ठाकुरबाड़ी से निकली शोभायात्रा गांव, बाजार, हाईस्कूल मार्ग से होते हुए वापस ठाकुरबाड़ी पहुंच संपन्न हुआ। शोभायात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद थे। सोनवर्षा के महावीरी पूजा समिति अध्यक्ष मृत्युंजय ओझा ने बताया कि शोभायात्रा शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। वहीं नावानगर के महावीरी पूजा समिति सदस्य गुड्डू सिंह ने भी आपसी भाईचारे के बीच शोभायात्रा संपन्न होने की जानकारी दिया।













# चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन मंदिरों में उमड़ा भक्तों का रेला

- देवी मंदिरों में उमड़ा भक्ति का सैलाब
- पूजन अर्चन के बाद श्रद्धालुओं ने मेले में की जमकर खरीदारी

**केटी न्यूज/बलिया**





जनपद के विभिन्न देवी मंदिर सहित अन्य देवालय में चैत्र रामनवमी के अवसर पर श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ रही। विभिन्न मंदिरों पर एक दिवसीय मेला लगा, जहां श्रद्धालु भक्तों ने मंदिर में पूजा दर्शन के पश्चात मेले में जमकर खरीदारी की। जिले के ब्रह्माइन स्थित मां ब्रह्माणी देवी मंदिर, उजियार स्थित मां मंगला भवानी मंदिर, शंकरपुर स्थित मां शंकरी भवानी मंदिर, उचेड़ा स्थित भवानी मंदिर, गायघाट स्थित मां दुर्गा देवी मंदिर, शोमनाथपुर स्थित मां भगवती मंदिर, सिकंदरपुर स्थित मां जाल्पा कल्पा देवी मंदिर, दुर्जनपुर स्थित मां सायर माता मंदिर, बांसुरी स्थित मां दुर्गा मंदिर, रेवती स्थित मां दुर्गा मंदिर, मां पंचदेवी मंदिर सहित विभिन्न देवी मंदिरों तथा देवालयों में भक्तों की भारी भीड़ जमी रही।

चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन राम नवमी के अवसर पर भोर की प्रथम किरण फूटने के पहले ही श्रद्धालु भक्तों का रेला मंदिरों की तरफ उमड़ पड़ा। वैसे तो जनपद के विभिन्न देवी मंदिरों पर हमेशा मिलेगा ही दृश्य रहता है, लेकिन चैत्र राम नवमी के अवसर पर विभिन्न देवी मंदिरों पर पूर्व की भांति एक दिवसीय मेला लगा।

**सुरक्षा का रहा चाक-चौबंद प्रबंध :** गायघाट स्थित मां पचरूखा के मन्दिर, शोभनाथपुर स्थित मां भगवती आदि मंदिरों पर एकदिवसीय मेले में भारी भीड़ रही। मेले के दौरान जलेबी, चाट, पकौड़े, पानी बतासे और प्रसाद सामग्री की दुकानों पर भारी भीड़ रही। मेले में लगी चरखी पर जहां युवा वर्ग का रुझान रहा तो मिकी माऊस और खिलौनों की दुकानों पर बच्चों का रुझान ज्यादा रहा। मीना बाजार में महिला श्रद्धालुओं द्वारा जमकर खरीदारी की गई। इस दौरान विभिन्न मंदिरों पर पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था रही।

**महिलाओं ने परिसर में खप्पर चढ़ाया :** चिलकहर क्षेत्र के ग्राम उचेड़ा में मां चंडी भवानी मंदिर पर नवरात्र के अंतिम दिन श्रद्धालुओं का सुबह से ही दर्शन-पूजन के लिए तांता लगा रहा। महिलाओं ने परिसर में खप्पर चढ़ाया। चैत्र नवरात्र में उचेड़ा मां चंडी भवानी मंदिर परिसर में वृहद मेला आयोजित किया गया है। घर-घर में कलश रख कर महिलाओं ने जगत जननी का पूजन किया। देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। चंडी माता मंदिर सलेमपुर, दुर्गा माता मंदिर लोहटा समेत ग्रामीण अंचल के देवी मंदिरो में दर्शन-पूजन का क्रम देर शाम तक चलता रहा।

## वर्षों से चली आ रही परंपरा: रामनवमी के दिन घुडदौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

# कामाख्या धाम में आयोजित चेतक प्रतियोगिता में आरा के कृष्णनंद पांडेय का घोड़ा आया प्रथम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





- उत्तर प्रदेश एवं बिहार के कुल 26 घुड़सवारों ने अपने घोड़ों के साथ प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत रामनवमी के दिन गुरुवार को कामाख्या धाम पर आयोजित चेतक प्रतियोगिता में आरा बिहार के कृष्णानंद पांडेय का घोड़ा सबसे आगे रहते हुए प्रथम पुरस्कार अपने नाम कर लिया। चैत्र नवरात्रि के राम नवमी को पूर्वांचल के प्रसिद्ध शक्तिपीठ के रूप में विख्यात मां कामाख्या धाम पर सदियों पुराना परंपरागत रूप से होने वाले घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चेतक प्रतियोगिता में यूपी बिहार के कई जनपदों के घुड़सवारों ने अपने घोड़ों के साथ हिस्सा लिया। परंपरागत रूप से चली आ रही इस प्रतियोगिता को देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ मौजूद रही। चेतक प्रतियोगिता में कृष्णानंद पांडेय आरा बिहार का घोड़ा अपना अभूतपूर्व प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया।

बता दें कि राम नवमी के दिन मां कामख्या धाम मेन गेट के सामने चेतक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री व जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह ने प्रथम चक्र के घुड़सवारों को हरी झंडी दिखाकर किया। इस चेतक प्रायियोगिता में उत्तर प्रदेश एवं बिहार के कुल 26 घुड़सवारों ने अपने घोड़े के साथ प्रतिभाग किया। कुल चार चक्र की प्रतियोगिता चली। जिसमें से प्रथम आए घुड़सवारों को अंतिम चौथे चक्र का फाइनल राउंड में पूरे प्रतियोगिता के प्रथम द्वितीय और तृतीय घुड़सवारों सहित बेस्ट घुड़सवार का भी चयन किया गया। यह प्रतियोगिता बहुत ही रोमांचक रही। निर्णायक मंडल द्वारा कृष्णनंद पांडेय आरा बिहार के घोड़ा को प्रथम, पंकज यादव मऊ को द्वितीय व डॉ. राजेन्द्र सिंह जल्दहा बिहार को तृतीय स्थान पर विजेता घोषित किया गया। वंशनरायन यादव के घुड़सवार शंभू को बेस्ट घुड़सवार का खिताब से पुरस्कृत किया गया। विजेताओं को मुख्य अतिथि ओमप्रकाश सिंह द्वारा ट्राफी के साथ प्रोत्साहन राशि भी दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि मां कामाख्या धाम पर घुड़दौड़ प्रतियोगिता सदियों पुरानी परंपरा है। आज भी जिंदा रखा गया यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस तरह के प्रतियोगिताओं के आयोजन से अपनेपन का एहसास होता है। साथ ही अपनी संस्कृति और सभ्यता को करीब से जानने का मौका मिलता है। इस तरह के आयोजन से हमारे क्षेत्र का नाम रौशन होगा। निर्णायक मंडल में भोला ,तारिक खान , कलाम खान, सुधीर सिंह, संजय सिंह शामिल रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मन्नू सिंह, पिंटू उपाध्याय, अशोक सिंह, हरेराम सिंह, दुर्गा चौरसिया आदि का मुख्य योगदान रहा। उक्त मौके पर एसडीएम राजेश प्रसाद, क्षेत्राधिकारी विधि भूषण मौर्य, सेवराई के नायब तहसीलदार सहित ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि भदौरा औरंगजेब खान, आलोक रंजन, विकाश सिंह, दुर्गेश सिंह, शैलेश सिंह आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## शक्तिपीठ पर मंगला आरती के बाद उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**गाजीपुर।** चैत्र नवरात्रि के रामनवमी के दिन पूर्वांचल के प्रसिद्ध शक्तिपीठ के रूप में विख्यात मां कामाख्या धाम पर मंगला आरती के बाद श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। आलम था कि मां के भक्तों की भीड़ इतनी बढ़ती गई कि मंदिर परिसर में पैर रखने तक की भी जगह नहीं बची थी। जिला एवं पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था के कारण सबकुछ सकुशल चलता रहा। लोग मां के गगनभेदी जयकारे के साथ दर्शन करते जा रहे थे। पूर्वाह्न 11 बजे के बाद जब घुड़दौड़ प्रतियोगिता समाप्त हुई करीब पच्चास हजार लोगों का जत्था एक साथ मां के दर्शन के लिए उमड़ पड़ा। जिसे सारी व्यवस्थाओ में बाधा उत्पन्न हो गई लोग धक्का मुक्की एवं गिरते हुए मां के दर्शन करने को विवश हो रहे थे।

मंदिर समिति के सदस्यों एवं प्रशासन की कड़ी मशक्कत के बाद अनियंत्रित भीड़ को काबू में किया गया एवं कतार लगाकर कर्म से दर्शन करवाने की व्यवस्था की गई मंदिर के महंत आकाश तिवारी के मुताबिक गरीब सवा लाख लोगों ने मां के दर्शन किए। प्रशासन की ढुलमुल रवैया के चलते लोगों को काफी दुश्वारियां झेलनी पड़ी वही मंदिर समिति को भी श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रण करने में पसीना बहाना पड़ा।

## अधेड़ ने लगायी फांसी, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



**केटी न्यूज/मऊ**

मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत वलीदपुर भीरा नई बस्ती में बुधवार रात अज्ञात कारणों से एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर कोतवाली लायी तथा पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के भीरा नई बस्ती निवासी 42 वर्षीय सुरेश चौरसिया पुत्र सागर मुंबई में रहकर काम करता था। पांच दिन पहले वह घर आया था। बुधवार रात अपनी पत्नी अंजनी से कहा कि मैं सोने जा रहा हूं और अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। इधर पत्नी अपनी सांस के साथ नवमी का पर्व होने के कारण पूजा पाठ में व्यस्त थी। गुरुवार सुबह जब पत्नी जगाने गई तो देखा कि पति पंखे में फंदा लगाकर फांसी लगा ली है। जिसे देख वो जोर जोर से चिल्लाने लगी। मौके पर पहुंची सास ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस पहुंची और शव को नीचे उतरवाया तथा पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

## नगर पालिका बलिया अनारक्षित तो रसड़ा पिछडा वर्ग के लिए आरक्षित

**बलिया।** शासन की ओर से नगर पालिका और पंचायतों के अध्यक्ष पद के आरक्षण की अनंतिम सूची जारी कर दी गई है। जनपद में दो नगर पालिका तथा 10 नगर पंचायतें हैं। बलिया नगर पालिका को अनारक्षित व नगरपालिका परिषद रसड़ा को पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित कर दिया गया है। इसी प्रकार अब नगर पंचायतों की बात करें तो नगरा अनुसूचित जाति महिला, बैरिया महिला, चितबडागांव अनारक्षित, सिकंदरपुर पिछडा वर्ग, रतसरकला पिछडा वर्ग, रेवती अनारक्षित, बांसडीह अनारक्षित, मनियर अनुसूचित जनजाति महिला, बेल्थरारोड पिछडा वर्ग महिला व सहतवार नगर पंचायत को अनारक्षित किया गया है। जिसके बाद किसी के चेहरे पर मुस्कान लौट आई तो कोई मायूस बैठ गए। दरअसल निकाय चुनाव को लेकर पिछले एक वर्ष से हलचल तेज हो गई थी, विभिन्न अवसरों पर संभावित प्रत्याशियों ने एडवांस में पोस्टर बैनर भी लगा दिए थे। लेकिन ऐन वक्त पर आरक्षण सूची को लेकर निकाय चुनाव में लगी ब्रेक के बाद हर किसी को आरक्षण सूची का इंतजार था।

## शोभायात्रा और जुलूस को लेकर प्रशासन अलर्ट, नशेबाज व उत्पातियों पर विशेष नजर

- सादे कपड़ों में एलआईयू के जवान मुस्तैद

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



पुलिस-प्रशासन ने रामनवमी शोभा यात्रा जुलूस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। नशेबाज और उत्पातियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। सादे कपड़ों में एलआईयू के जवान मुस्तैद किये गए हैं। सभी जुलूसों के साथ और मार्गों पर पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस और प्रशासन द्वारा लगातार भ्रमणशील रहते सभी से शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की जा रही है। सोशल मीडिया टीम द्वारा लगातार शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

असामाजिक और अराजकता फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। आज रामनवमी पर्व के दौरान निकलने वाले जुलूस व पर्व को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराए जाने को लेकर एसपी ओमवीर सिंह निर्देशन में अंतर्गत सभी जुलूसों के साथ व मार्गो व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था हेतु राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस/पीएसी बल की ड्यूटी लगाते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है। सभी प्रमुख स्थानों पर सादे वस्त्रों में एलआईयू पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। सभी से शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील भी की जा रही है।

## कोविड संक्रमण के बढ़ते मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क

# कोविड के बढ़ते मामले को देखते हुए हर दिन 3200 मरीजों की टेस्टिंग

- 15 से 20 दिन तक लगातार सैंपलिंग कर संक्रमित मरीजों की होगी तलाश

**केटी न्यूज/बलिया**




कोविड संक्रमण के बढ़ते मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्कता बरत रहा है। मौसम में बदलाव से वायरल संक्रमण मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। महानगरों में लगातार बढ़ रहे मामले को देखते हुए जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम व उपचार के लिए कोविड सैंपल जांच, निगरानी और उपचार की सुविधाएं बढ़ेंगी। कोविड रोकथाम को लेकर राजधानी से लगातार मानिटरिंग हो रही है। आला अधिकारी पल-पल की रिपोर्ट ले रहे है। मंगलवार की देर शाम चार घंटे चली कांफ्रेसिंग में सीएमओ डॉ. जयंत कुमार ने संक्रमण की स्थिति और तैयारियों की जानकारी दी। बताया कि प्रतिदिन 32 सौ मरीजों की टेस्टिंग करने का लक्ष्य है। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है।

जनपद में कोविड महामारी रोकने के लिए संक्रमित मरीजों की पहचान के लिए जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी से लगाय सार्वजनिक स्थानों पर फिर से टेस्ट शुरू होंगे। जिला अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों पर उपचार के लिए आने वाले लक्षण वाले मरीजों की आरटी पीसीआर जांच के बाद आगे का इलाज होगा। रेलवे व बस स्टैंड पर महानगरों से आने वाले लोगों को वहां तैनात स्वास्थ्यकर्मी सैंपलिंग करेंगे। जिले में अभी कोरोना के एक भी एक्टिव मरीज नहीं है। स्वास्थ्य विभाग 15 से 20 दिन तक लगातार सैंपलिंग कर संक्रमित मरीजों की तलाश करेंगी, जिससे समय रहते रोका जा सके। कोविड काल के दौरान गठित 76 आरटी टीमें सक्रिय हो गई है। किसी भी जोन में संक्रमित मरीज की सूचना पर टीम के सदस्य मौके पर पहुंच क्वारंटीन करने के साथ उनकी निगरानी करेंगी।

> “ जनपद में जिला अस्पताल से लगाय सभी स्वास्थ्य केंद्रों व सार्वजनिक स्थानों पर कोविड सैंपलिंग होगी। लक्षण वाले व महानगरों से आने वाले लोगों की जांच जरूरी हैं। 76 आरटी टीमें सक्रिय हो गई हैं। किसी भी समस्या से निपटने के लिए सभी अस्पतालों में पर्याप्त संसाधन मौजूद है।
>
> *- डॉ. अभिषेक मिश्रा, जिला सर्विलांस अधिकारी*

## एक नजर

### रामनवमी पर डीएम व अन्य अफसरों ने किया कन्या पूजन, पैर धोने के बाद दीया दक्षिणा



**गाजीपुर।** शासन के निर्देश पर 22 से 30 मार्च 2023 तक जनपद के विभिन्न मन्दिरों में देवी जागरण तथा अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। जिसका गुरुवार को समापन हुआ। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने विकास खंड करंडा स्थित सामिया माई मन्दिर पर उपस्थित होकर पूजा अर्चना करने के पश्चात अखण्ड रामायण पाठ का समापन किया। तत्पश्चात नगर के राम जानकी मंदिर लंका मैदान में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार की उपस्थित में अखंड रामायण पाठ का समापन किया गया। समापन के पश्चात मन्दिर परिसर में ही 108 कन्या पूजन समारोह का अयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि ने कन्याओं के पैर धुलने से लेकर उनको भोजन कराया तथा कन्याओं को चुनरी एवं दक्षिणा स्वरूप भेंट वितरित करने के पश्चात प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर मंन्दिर के मुख्य पुजारी अखिलेश्वर दास, राम लीला मंच समिति के मंत्री बच्चा तिवारी, अन्य श्रद्धालु एवं गणमान्य व्यकित उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त तहसील कासिमाबाद के मॉ चण्डी धाम बहादुरगंज एवं जनपद के विभिन्न मंदिरों पर भी श्रीरामचरितमानस के कराए गये अखंड पाठ का समापन किया गया। प्रदेश सरकार की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों का अनुष्ठान कराया गया।

### जनेश्वर मिश्र सेतु पर 23 किग्रा गांजा लदी बोलेरो के साथ दो गिरफ्तार

**बलिया।** कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध तरीके से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके कब्जे से बोलेरो पर लदा 22 किलो 740 ग्राम गांजा बरामद किया है। इसका खुलासा गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने किया। जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह व निरीक्षक (अपराध) संजय शुक्ला के मार्ग दर्शन में उप निरीक्षक रमाशंकर मय फोर्स के देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन शिवपुर दियर चौराहे पर मौजूद थे। इसी बीच, मुखबीर खास की सूचना पर उप निरीक्षक रमाशंकर मय फोर्स ने जनेश्वर मिश्र सेतु के दक्षिणी छोर पर चेकिंग शुरू कर दी। तभी एक सफेद बोलेरो जनाड़ी की तरफ से आती दिखी। पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो चालक द्वारा बोलेरो को पीछे मोड़ कर भागने का प्रयास किया गया। लेकिन पुलिस टीम बोलेरो व उसमें बैठे व्यक्तियों को पकड़ लिया। पकड़े गए तस्करों में एक कमल किशोर पुत्र बाला पासवान व दूसरा दुशन कुमार कमकर पुत्र हरिमन (निवासीगण : गरहथा खुर्द, थाना ब्रम्हपुर, बक्सर, बिहार) है। वहीं, सफेद रंग बोलेरो बीआर 03 पीए 8919 से 22 किलो 740 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट में पाबंद कर दोनों तस्करों को चालान न्यायालय किया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक के कॉ. राजबहादुर यादव व कॉ. अरुण कुमार यादव शामिल रहे।



### पीड़ित उपभोक्ताओं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग की

**बलिया।** फजीर्वाड़े के शिकार पीड़ित उपभोक्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर उचित कारवाई की मांग की है। पीड़ितों ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कासिम बाजार स्थित एक प्राइवेट कंपनी का संचालन व देखरेख अजय कुमार चौरसिया, संजय कुमार चौरसिया और अखिलेश कुमार मिश्र करते है। कंपनी का संचालन करने वालों का कहना था कि इस कंपनी में पैसा लगाने पर दोगुना मिलेगा। इसके बहकावे में आकर हम लोगों ने कंपनी में पैसा लगाया। इसके बाद जब अवधि पूरी हो गयी और हम लोगों द्वारा जब पैसे की मांग की जाने लगी तो तीनों आनाकानी करने लगे। इसके बाद हम पीड़ितों का जमा पैसा लेकर यह तीनों फरार हो गये। जब हम लोगों को ठगे जाने का एहसास हुआ तो कोतवाली में तहरीर देकर तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। बावजूद इसके आज तक इन तीनों के खिलाफ पुलिस कोई काररवाई नहीं कर पायी है। पीड़ितों ने डीएम से मांग किया है कि उक्त तीनों धोखेबाजों से जमा रकम वसूल कर उचित काररवाई की जाए। पत्रक सौंपने वालों में जयप्रकाश गुप्ता, जयप्रकाश पटवा, मो. मुमताज, रामकिशुन चौरसिया, हरिशंकर गुप्ता, रेयाज, सावित्री, उमाशंकर आदि मौजूद रहे।



### मनाई गई सम्राट अशोक की 2327वीं जयंती

**गाजीपुर।** जनपद में सम्राट अशोक की 2327वीं जयंती मनाई गई। जयंती समारोह में वक्ताओं ने सम्राट अशोक के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अजीत प्रताप कुशवाहा ने कहा कि सम्राट अशोक जैसा राजा पूरी दुनिया में न कभी हुआ और न कभी होगा। उन्होंने अखंड भारत का निर्माण किया था जो इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। सम्राट अशोक की महानता इस बात में है कि उन्होंने अपने शासन को लोक कल्याणकारी बनाया। उनके अनुसार 'सर्व लोकहित से बढ़कर दूसरा कोई कार्य नही है। हम कह सकते हैं कि उन्होंने अपने राज में वर्तमान के वैचारिक लोकतंत्र को लागू किया था। ज्ञात हो कि आज भारत ही नहीं, विश्व के सबसे महान सम्राट अशोक महान की? जयंती जन अधिकार पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश के सभी जनपदों में मनाया गया। इस कार्यक्रम में संजय सिंह कुशवाहा, सहतु कुशवाहा, योगेंद्र कुशवाहा, रामलोचन, अशोक कुमार मौर्य, विजय बहादुर कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, सूर्यकांत कुशवाहा, डॉ. बृजेश मौर्य, सुदर्शन कुशवाहा, कांता कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग उपस्थिति रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जन अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष रंगजी कुशवाहा तथा संचालन अभिमन्यु कुशवाहा के द्वारा किया गया।

